**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4835**
**दिनांक 31 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सर्वाइकल कैंसर का एक नया टीका**

**4835. श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री प्रतापराव जाधव:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क): क्या भारत ने हाल ही में विशेष रूप से महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर का एक नया टीका विकसित और लॉन्च किया है;

(ख): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त टीके की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग): क्या उक्त टीके को भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा अनुमोदित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ): क्या सरकार ने देश में इसका विक्रय मूल्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड़): क्या सरकार ने इसका विनिर्माण शुरू कर दिया है और यदि हां, तो देश में जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले तीन वर्षों में कुल कितनी मात्रा में टीकों का उत्पादन किए जाने की संभावना है; और

(च): यह टीका बाजार में कब तक उपलब्ध होने की संभावना है?

**<u>उत्तर</u>**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (च): केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस प्रकार 6, 11, 16 और 18 के कारण होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए मैसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे को क्वाड्रीवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (सीरोटाइप 6,11, 16 और 18) वैक्सीन (रिकॉम्बिनेंट) (क्यूएचपीवी) के विनिर्माण और विपणन की अनुमति प्रदान की है।

औषध विभाग, रसायन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय औषध मूल्य प्राधिकरण द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गर्भाशय ग्रीवा कैंसर टीके का अधिकतम मूल्य निर्धारित नहीं किया गया है।

*****